राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
NATIONAL HEALTH MISSION

अश्विनी कुमार चौबे
Ashwini Kumar Choubey

सत्यमेव जयते
सर्वेसन्तु निरामया

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF STATE FOR
HEALTH & FAMILY WELFARE
GOVERNMENT OF INDIA



संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत हर्ष हो रहा है कि प्रथम खाद्य-सुरक्षा दिवस दिनांक 07 जून, 2019 को मनाया जा रहा है। विश्व समुदाय द्वारा उठाया गया यह कदम शुद्ध एवं सात्विक भोजन के प्रति जन-मानस को जागरूक करेगा।

'स्वच्छ भोजन' से शरीर, मस्तिष्क, विचारों एवं कार्यों में स्वच्छता आयेगी। इसके लिए सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक भोजन के प्रति लोगों में जागरूकता की आवश्यकता है और समाज पर प्रभाव के लिए लोगों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। हमारी ऋषि परम्परा के अनुसार "हित भुक्", "मित भुक्", "ऋतु भुक्" अर्थात् स्वास्थ्य और आरोग्य के लिए जो सर्वमान्य तथ्य हैं, वे यही तीन हैं। औषधियों का चयन रोग के बाद उपचार की दृष्टि से हुआ है, पर सही रूप में स्वास्थ्य का सुख और रोग से बचने के लिए हिताहार, मिताहार और ऋताहार उपयोगी ही नहीं, आवश्यक भी है। इन नियमों का उल्लंघन करके कोई भी व्यक्ति अधिक समय तक स्वस्थ एवं निरोग नहीं रह सकता।

सरल एवं सात्विक आहार स्वास्थ्य की प्रथम आवश्यकता है। मानव जीवन में शुद्ध अन्न सेवन का अत्यधिक महत्व है। उत्तम, निरोगी एवं स्वस्थ जीवन के लिए शुद्ध आहार जरूरी है। हम जो भी आहार सेवन करते हैं, वह शुद्ध होना चाहिए।

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर एफएसएसएआई के परिसर में स्थापित महात्मा गॉधी जी की प्रतिमा 'साईकिल पर गॉधी जी' का अनावरण होना, अच्छी सेहत के प्रति जगजागरण यात्रा का प्रतीक है और यह निरंतर लोगों को स्वास्थ्य निमित्त अच्छी आदतें ग्रहण करने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

आहार शुद्धौ सत्व शुद्धि:, सत्व शुद्धौ ध्रुवा स्मृति: । स्मृतिलब्धे सर्वग्रन्थिनां प्रिया मोक्ष : ।। अर्थात् आहार के शुद्ध होने से अन्त:करण की शुद्धि होती है, अन्त:करण के शुद्ध होने से बुद्धि निश्छल होती है और बुद्धि के निर्मल होने से सब संशय और भ्रम दूर हो जाते हैं तथा हमारे शास्त्रों में वर्णित तथाकथित मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

(अश्विनी कुमार चौबे)

दिनांक : 4 जून, 2019
स्थान : नई दिल्ली.

Office : 250, 'A' Wing,
Nirman Bhavan, New Delhi-110 011
Tel. : 011-23061016, 011-23061551
Telefax : 011-23062828
E-mail : moshealth.akc@gov.in

Residence :
30, Dr. APJ Abdul Kalam Road,
New Delhi - 110003
Tel. : 011-23794971, 23017049